"समझौते सड़क पर होने चाहिए
न्याय अदालत में होना चाहिए
बहस संसद में होनी चाहिए
मनोरंजन टीवी पर होना चाहिए
लेकिन न्याय सड़कों पर हो रहा है
समझौता अदालत में हो रहा है
बहस टीवी पर हो रही है
मनोरंजन संसद में हो रहा है😌"

RNI No. PUNBIL/2014/59416

UTURN TIME

# यूटर्न टाईम

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA




VOL:01 | ISSUE:106 | SUNDAY, DATE: 01-05-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

## प्रॉपर्टी बाजार में चला इसकी टोपी उसके सर का खेल, रेरा अधिनियम की उड़ाई धज्जियां, 95 प्रतिशत कॉलोनियां अवैध

# चिटफंड कंपनियों की तर्ज पर साउथर्न करनाल रोड पर बिक रही प्रॉपर्टी, पल-पल में बदल रहा खेल

लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। कोविड के दौर से कारोबारी शहर में प्रॉपर्टी बाजार का एक ऐसा खेल शुरु हुआ जिसे देख लोगों में चिटफंड कंपनियों की याद को तरोताजा कर दिया है। सरकार द्वारा प्रॉपर्टी एनओसी बंद किये जाने के बावजूद भी दिनभर में अरबों-खरबों की डीलों को चिटफंड कंपनियों की तर्ज पर अंजाम दिया जा रहा है। यही नहीं एक ही जमीन का टुकड़ा दिन में कई-कई बार कच्ची पर्चियों पर ही ट्रेड हो रहा है। इस पूरे खेल में खरीदार व बेचने वाले असल मालिक का पता ही नहीं चलता। जिससे यह कहना गलत नहीं होगा कि किस प्रॉपर्टी की टोपी किसके सर है। इस पूरे खेल में आम आदमी पार्टी की मान सरकार आम जनता में अपना मान बचा पाती है कि नहीं यह भी एक बड़ा सवाल बन गया है।



गौरतलब है कि लुधियाना के करनाल साउथर्न रोड पर पिछले कुछ समय में प्रॉपर्टी की आसमान छूती कीमतों ने पूरे पंजाब की प्रॉपर्टी रेटों के रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। जबकि सरकारी रजिस्ट्री रेट कौड़ियों के समान हैं।

इस खेल में जहां रातों-रात लोगों करोड़पति बनते नजर आ रहे हैं वहीं लैंड माफिया के जाल में फंस चुके बहुत से भोले-भाले लोग आगामी कुछ समय में बाजार में हाथ खड़े करते भी देखने को मिल सकते हैं। बुद्धिजीवियों की मानें तो इस सारे खेल में प्रॉपर्टी की ट्रेडिंग पर नियंत्रण बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा बनाया गया रेरा अधिनियम कहीं नजर ही नहीं आ रहा या यूं कहें कि रेरा नियम की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और सरकार की लाख चेतावनियों के बावजूद अवैध कालोनियों का बोल-बाला देखने को मिल रहा है।

### 3 से 4 करोड़ रूपये एकड़ बिक रही जमीन!

✔ चर्चा के अनुसार वर्तमान समय में करनाल साउथर्न रोड व लाडोवाल टोल प्लाजा बाइपास पर 30-40 लाख रूपये एकड़ से शुरु हुआ जमीनों की खरीदारी खेल पल-पल में बदलते हुए अब वर्तमान समय में 3-4 करोड़ रूपये प्रति एकड़ तक पहुंच ने की बात कही जा रही है। पल-पल बदलती कीमतों के कारण प्रापर्टियों के झगड़े बढ़ते जा रहे हैं बदनामी के डर से लोग इन्हें बिरादरी व पंचायत में बैठकर निपटाते नजर आ रहे हैं। कुछ तथाकथित लोगों द्वारा खेले जा रहे इस खेल में आम जनता शिकार बनती नजर आ रही है जबकि प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। लोगों के अनुसार आगामी दिनों में प्रॉपर्टी के झगड़ों का सैलाब आ सकता है।

### प्रॉपर्टी कीमतों ने तोड़े पंजाब के रिकॉर्ड

✔ साउथर्न बाइपास पर राजनेताओं की शह पर पिछले 3-4 महीनों में जहां एकड़ के भाव 3 से 4 करोड़ रूपए तक पहुंच गये हैं वहीं कई ऐसी नई कालोनियों की बात की जाए तो 95 प्रतिशत कालोनियां नाजायज हैं। कई नई कालोनियों में तो पहले ही दिन से 50 से 80 हजार रूपये प्रति गज के हिसाब से प्लॉट बेचे जा रहे हैं जबकि अभी तक किसानों से पूरी जमीनें भी नहीं खरीदी गई हैं। शहर के आंतरिक पॉश इलाकों में भी प्रॉपर्टियों की ये कीमतें नहीं मिल रहीं। लोगों में चर्चा है कि इन कालोनियों के डेवलपमेंट के दौरान ग्लाडा विभाग में अप्रूवल के लिए फाइलें भी नहीं जमा करवाई लेकिन चिटफंड की तरह कच्ची पर्चियों पर अरबों का खेल हो चुका है। ऐसे में प्रशासन की कारगुजारी सवालों के घेरे में है।

### इनकम टैक्स रेड में मिले दस्तावेजों के आधार पर पहले ही आ चुके हैं नोटिस

✔ कोविड के दौरान ऐसी भी चर्चाएं थीं कि एक वक्त में इन्हीं पॉश कालोनियों में से एक कालोनी के 25 बयानों पर 23 ग्राहक रजिस्ट्री करवाने ही नहीं पहुंचे थे। यही नहीं विधानसभा चुनाव के दौरान इस इलाके के दो बड़े प्रॉपर्टी कारोबारियों पर इनकम टैक्स रेड भी हुई थी जिसमें मिले बयानों के आधार पर एक पॉश कालोनी के 80 प्रतिशत निवासियों को सरकारी नोटिस भी आये होने की चर्चाए गर्म हैं।

## बिगड़ता लॉ एंड आर्डर

किसी राज्य व शहर का कारोबार व प्रगति वहां के वातावरण व लॉ एंड ऑर्डर पर निर्भर करता है। पंजाब जो कि लंबे समय तक आतंकवाद का दौर झेल चुका है के लोगों ने बड़ी हिम्मत व मेहनत से यहां पर अपने जीवन व कारोबार को स्थापित किया है। इसलिए लॉ एंड ऑर्डर की हल्की सी बिगड़ती सुगबुगाहट भी लोगों को आतंकवाद के दौर की याद ताजा करवा जाता है। जब बहुत से लोगों ने अपने परिवारों य अजीजों को खोया था। पिछले कुछ दिनों से पंजाब के लॉ एंड ऑर्डर की बिगड़ती परिस्थितियां कहीं न कहीं एक बार फिर पंजाबियों के जख्मों को तरोताजा करने के साथ-साथ फिक्रमंद करती नजर आ रही हैं। हालत यह कि लोगों ने एक बार फिर अन्य प्रदेशों में पलायन की सोच बनानी शुरु कर दी है। जिसके तहत कारोबारियों ने बिना किसी से कुछ कहे आंतरिक तौर पर अपनी व्यापारिक गतिविधियों को रोकते हुए भविष्य के लिए आत्ममंथन शुरु कर दिया है। विशेषज्ञों की मानें तो बिगड़ते लॉ एंड ऑर्डर का सारा खेल वास्तव में राजनीतिक पार्टियों की सत्ता व धर्म की लड़ाई है। जिसमें आम इंसान पिसता व भयभीत होता नजर आ रहा है। जबकि राजनैतिक पार्टियां अपनी राजनीति करने में जुटी हैं। विशेषज्ञों की मानें तो किसी भी राज्य व शहर में पैदा होने वाला गुंडा तत्व बिना राजनीतिक शह के पनप नहीं सकता। पटियाला कांड ऐसे ही नये खतरे की घंटी है।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

# सिलिंडर फटने से सब्जी मंडी में लगी भीषण आग

लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। लुधियाना के बहादुर के रोड स्थित नई सब्जी मंडी में उस वक्त भागम-भाग मच गई जब वहां पर अचानक भीषण आग। अफरा-तफरी में लोग अपने सामानों को और खुद को बचाते हुए देखे गये। बताया जा रहा है कि सब्जी मंडी में सिलिंडर फटने से भयानक आग लग गई, जिससे वहां पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों द्वारा सबसे पहले वहां पड़े सामान को खुर्द-बुर्द किया गया, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थीं कि लोगों द्वारा किए जा रहे आग बुझाने के प्रयास असफल दिखे। सब्जी मंडी में खाली पड़े क्रेटों ने आग पकड़ ली, जिससे यह आग और ज्यादा फैल गई। वहीं सब्जी मंडी मार्कीट कमेटी का कहना है कि इन क्रेटों को लेकर पहले भी कई बार आगजनी जैसे हादसे हो चुके हैं, लेकिन मनाही के बावजूद भी इन क्रेटों को सब्जी मंडी के अंदर स्टोर किया जाता है, जोकि गलत है। बताया जा रहा है यह आग सब्जी मंडी के अंदर झुग्गी में रहने वाले किराएदार के गैस सिलैंडर फटने से लगी है। झुग्गी में पड़ा सारा सामान भी जल कर राख हो गया है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं और आग बुझाने में जुट गई हैं।



# फिरोजपुर रोड पर धंसी सड़क

लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। रविवार सुबह शहर की मुख्य फिरोजपुर रोड पर शंहशाह पैलेस के सामने सड़क धंसने से एक बार फिर निगम प्रशासन की पोल खुलती नजर आई। लोगों में चर्चा रही कि फिरोजपुर रोड पर मुख्य हाइवे की सड़कों की अगर ऐसी हालत है तो शहर की भीतरी सड़कों का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। फिलहाल भ्रष्टाचार के आरोपों में लिप्त नगर निगम प्रशासन की पोल खुलते ही फिरोजपुर रोड पर चल रहे एनएचआई के निर्माण कार्य के कर्मचारियों ने मौके की नजाकत को समझते हुए फटाफट गड्ढे को भर दिया। गौरतलब है कि फिरोजपुर रोड पर पड़ता यह इलाका शहर के भीचोबीच मुख्य पॉश इलाका व एनएचआई का भाग है। सड़क के धंसने से लोगों में यच चर्चा छिड़ गई कि एक बार फिर कुदरत ने निगम प्रशासन में फैले भ्रष्टाचार व क्वालिटी मापदंडों की पोल खोल दी है।



# डॉक्टर पर रेसिप्शनिस्ट ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। लुधियाना थाना सदर के इलाके में पड़ते एक अस्पताल के डॉक्टर के खिलाफ उसी अस्पताल में काम करने वाली रिसेप्शनिस्ट युवती द्वारा उसके साथ बलात्कार का प्रयास करने के आरोप साधे हैं। पीड़ित युवती द्वारा प्राप्त शिकाय के बाद सदर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ महिला के साथ अश्लील हरकतें करने का मामला दर्ज किया है। मामले की जानकारी में एसएचओ सदर जसपाल सिंह ने बताया कि



गांव दाद पखोवाल रोड़ स्थित हॉस्पिटल के डॉक्टर संजय कुमार भल्ला के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को बीते दिन शिकायत पीड़ित की तरफ से सीआर नंबर 2320262 के तहत प्राप्त हुई थी। जिसमें पीड़ित ने बताया कि वह हॉस्पिटल में रिसेप्शन पर काम करती थी। उक्त आरोपी डॉक्टर संजय कुमार भल्ला ने उसे अपने कमरे में बुलाया था और उसके साथ बलात्कार करने का प्रयास किया। यही नहीं पीड़ित ने बताया कि उससे पहले भी रिसेप्शनिस्ट पर लगी एक लड़की के साथ भी डॉक्टर द्वारा ऐसी ही हरकतें की गई है। पुलिस दर्ज मामले के चलते आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। और भी खुलासे सामने आने की संभावना है।

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# काली माता मंदिर पटियाला की घटना पंजाब सरकार के लिये परीक्षा की घड़ी

लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। सिटीजन कौंसिल के चेयरमैन दर्शन अरोड़ा ने कहा कि गत दिवस पटियाला में विदेशी शक्तियों के इशारे पर शरारती तत्वों ने पंजाब के सुखद माहौल को जहरीला बनाने की कोशिश की है। अरोड़ा ने कहा कि पिछले 37 वर्षों से लुधियाना सिटीजन्स कौंसिल पंजाब,पंजाबी व पंजाबीयत की सुरक्षा के लिए काम कर रही है। हिंदू सिख एकता के लिए कौंसिल ने अनुकरणीय काम किया है।

पंजाब राज्य पंजाब था, पंजाब है और पंजाब ही रहेगा। पंजाब शब्द हमारे 10 गुरुओं के मुखारविंद से मीठे वाक्य जैसा है। पंजाब वह है,जहां पर सिखी के प्रचार के लिए मुसलमान बाबे मरदाने की धुन ने वाणी में रस भरा। उप चेयरमैन अशोक धीर ने कहा कि पंजाब वह है,जहां पर हिंदू दीवान टोडर मल ने दो साहिबजादों के संस्कार के लिए दुनिया की सबसे महंगी जगह खरीदी, और अपना सरबन्स लुटा दिया। पंजाब वह जगह है, जहां पर मोतीलाल मेहरा ने माता गुजरी व दो साहिबजादों को ठंडे बुर्ज




में जाकर अपने हाथों से जाकर दूध पिलाया और बाद में मुगलों के अत्याचार का शिकार हो गए। पंजाब वह जगह है,जहां पर हिंदू परिवार अपने बड़े बेटे को सिख बनाते थे। कौंसिल के प्रधान आई एस खन्ना ने कहा कि पंजाब वह जगह है जहां हिंदू कोख से जन्मे बेटे सिख बने।

इस धरती ने वो सिख पैदा किए जो हिंदुओं की बच्चियों की सुरक्षा के लिए कुर्बान हो गए। चंद शरारती लोगों के पीछे लग कर अपना भाईचारा ना खराब करें। अगर कोई भ्रमित हिंदू सिख धर्म के खिलाफ बोलता है तो सभी हिंदू भाई उसका विरोध करें। अगर कोई भ्रमित सिख हिंदू धर्म के खिलाफ बोलता है तो सभी सिख भाई ऐसे शरारती तत्व को मुंह ना लगाएं। डिप्टी चेयरमैन डॉक्टर कमलजीत सोई ने कहा पटियाला की घटना पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के लिए परीक्षा की घड़ी है। अगर मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में किसी प्रकार की ढिलाई दी तो आने वाले दिन पंजाब में खतरनाक हो सकते हैं,और मौजूदा सरकार पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह लग सकता है।

# माँ भगवती पर अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ शिवसेना ने डीजीपी, एसएसपी से की शिकायत



लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। शिवसेना बाला साहेब ठाकरे के पंजाब प्रदेश प्रमुख योगराज शर्मा,युवा सेना प्रभारी हनी महाजन व् प्रमुख संजीव भास्कर के दिशा निर्देशों पर शिव सेना की युवा सेना के प्रदेश महासचिव गौतम सूद ने पटियाला में बीते दिनों हुए तनावपूर्ण माहौल के दौरान सोची समझी साजिश के आरोपो के तहत सनातन धर्म समाज की आस्था के केंद्र माँ भगवती दुर्गा माता जी व् माँ कालका माता जी के खिलाफ अश्लील टिप्पणी करने वाले निहंग की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शिकायत पत्र थाना डिवीजन नम्बर के एसएचओ जसवीर कौर को सौंपा है साथ ही शिवसेना के युवा नेता गौतम सूद ने ट्विटर व् फेसबुक के माध्यम से उक्त निहंग के खिलाफ एक शिकायत डीजीपी पंजाब श्री वी.के भाँवरा व् एसएसपी पटियाला आईपीएस दीपक पारीक को भी भेजी है।उपरोक्त शिकायत पत्र की जानकारी देते हुए शिवसेना के युवा नेता गौतम सूद ने कहा कि पटियाला में जो शिवसेना से निष्कासित किए हरीश सिंगला व् कट्टरपंथी ताकतों के इशारों पर कार्य कर रहे व् पटियाला हिंसा के मास्टरमाइंड बलजिंदर परवाना के कारण हुए टकराव के दौरान पटियाला के प्राचीन श्री काली माता मंदिर में शरारती तत्वों द्वारा हमला किया गया साथ ही एक निहंग द्वारा सोची समझी साजिश के तहत माँ भगवती पर अश्लीलता भरी टिप्पणी कर दुनिया भर के सनातन समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत करने व हिन्दूओं व् सिखों में दंगे करवाने की साजिश की गई जिसकी वे सख्त शब्दों में निंदा करते है। साथ ही डीजीपी पंजाब, एसएसपी पटियाला सहित पुलिस प्रशासन से मांग करते है कि उक्त निहंग को सख्त से सख्त धाराओं के तहत गिरफ्तार करके एक मिसाल कायम की जाए तांकि भविष्य में कोई भी ऐसा असामाजिक तत्व ऐसा कृत्य न कर सके। इस अवसर पर समाज सेवक वरुण सूद, माँ कालका रथ सेवक संघ से नरेश शर्मा, मनु मक्कड़, गौरव सूद, अमित कुमार, डिम्पल कुमार आदि सदस्यगण उपस्थित हुए।

# अंताक्षरी सीज़न 2 के स्पेशल एपिसोड पर अपनी नानकों की यादें करें ताज़ा



लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। याद है जब बचपन में हम अपने प्यारे नानकों में अपनी पूरी छुट्टियां बिताने के लिए उत्साहित हो जाते थे, चचेरे भाई-बहनों के साथ खेलते थे और मस्ती करते थे। यह वही आनंदमई माहौल है जो आपको अपने पसंदीदा संगीत गेम शो अंताक्षरी सीज़न 2 में आज के एपिसोड में देखने को मिलेगा। शो के मेजबान, संगीतकार मास्टर सलीम और प्रतिभाशाली मिशा सरोवाल आपके रविवार को मस्ती के दिन में बदल देंगे, जब मासी-भांजी, मामा-भांजा और मामी-भांजी की जोड़ियाँ एक दूसरे के प्रति मुकाबला करेंगे। नानके यानी प्यार और भावनाएँ जिसे देखते हुए हम बड़े हुए हैं और यही आज हम एक संगीतमय स्पर्श के साथ भी देखेंगे। नानके स्पेशल एपिसोड में संगीत, यादों और मनोरंजन का एक अनोखा मिश्रण होगा जो दर्शकों के लिए एक भावपूर्ण अनुभव करवाएगा। तो, आज शाम 7 बजे ज़ी पंजाबी पर अंताक्षरी सीज़न 2 के नानके स्पेशल एपिसोड को देखना न भूलें।

# पंचतत्व में विलीन हुए बार्क्ले हॉजरी के मालिक जतिंदर कुमार धीर



लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। बार्क्ले हॉजरी के मालिक सुनील धीर (सोनू) के आदरणीय पिता एवं फर्स्ट लाइन कलेक्शन के मालिक अशोक सामा, कलासिक निटवेयर के संदीप धवन व संजीव रामपाल, के ससुर बेस्टन हॉजरी के मालिक विजयपाल धीर के भाई जतिंदर कुमार धीर का रविवार सुबह निधन हो गया। जिनका शाम 5 बजे सिविल लाइन श्मशान घाट में विधिवत दाह संस्कार किया गया। 78 वर्षीय जतिंदर कुमार धीर हंसमुख स्वभाव के चलते हर दिल अजीज थे उनकी अंतिम यात्रा में सूरज सिंह, सौरभ धवन, उमेश शर्मा गोगी, सिद्धार्थ जैन, अजय धीर, कमलजीत ओहरी, अजय ढांडा, सुदर्शन ओहरी, पवन शर्मा, सहित असंख्य गणमान्यों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को अंतिम बधाई दी।

# भगवान परशुराम के अवतार दिवस को समर्पित, उनके जीवन और रचना पर विचार गोष्ठी आयोजित




लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा पंजाब की ओर भगवान परशुराम जी के अवतार दिवस के अवसर पर लुधियाना के पेंशनर्स भवन में भगवान परशुराम के जीवन और कार्यों पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस समारोह में पंजाब के विभिन्न जिलों के विभिन्न ब्राह्मण सभाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर श्रीमती नरोत्मा शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवन और इतिहास पर प्रकाश डाला और पूरे ब्राह्मण समुदाय से अपील की कि वे अपनी आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति और विरासत से जोड़े और अपना इतिहास अपने बच्चों को दें। ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष हरिंदर पाल शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ब्राह्मण समुदाय की समस्याओं को दूर करने के लिए एकता की जरूरत है और कल्याण बोर्ड अपने स्तर पर अपने प्रयास जारी रखे हुए है. पटियाला के अश्विनी भास्कर शास्त्री ने भी कहा कि हिंदू संस्कृति को बचाने के लिए इस तरह के सेमिनार और गोष्ठियों की जरूरत है। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा पंजाब के अध्यक्ष श्री बृजमोहन शर्मा, उपाध्यक्ष बीएम कालिया, महासचिव सतपाल आसिम और समूची कार्यकारिणी समिति ने मांग की कि भारत सरकार श्रीराम मंदिर जाने के लिए अयोध्या जाने वाले तीर्थयात्रियों का किराया आधा कर दे और केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित हिंदू अधिनियम का भी समर्थन किया। समारोह में मुख्य रूप ए.के शर्मा, के.के बावा, मनमोहन कालिया, पवन शर्मा, कणव कालिया, पंडित शिव नाथ, सतविंदर शर्मा तथा बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

# सरबजीत सिंह सरहाली ने मजदूर दिवस पर किया समारोह का आयोजन



लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। पंजाब इंटक के उप प्रधान सर्वजीत सिंह सरहाली की अध्यक्षता में मजदूर दिवस पर इंडस्ट्रियल एरिया क्वालिटी चौक में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य मेहमान के तौर पर हल्का सेंट्रल के पूर्व विधायक सुरेंद्र डावर, राकेश पांडे, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रधान अश्विनी शर्मा , जिला महिला कांग्रेस की प्रधान मनीषा कपूर , इंटक नेता गुरजीत सिंह जगपाल, दवेंद्र सिंह , पार्षद राजा घायल , नेहा चंडालिया उपस्थित हुए । इस मौके हल्का सेंट्रल के पूर्व विधायक सुरेंद्र डावर ने कहा कि यह मजदूर दिवस शिकागो के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पण के लिए मनाया जाता है। जिन शहीदों की बदौलत सारे भारतवर्ष में डॉक्टर बी आर अंबेडकर द्वारा संविधान में 8 घंटे की ड्यूटी का कानून बनाया गया है। इस मौके पंजाब इंटक के उप प्रधान सर्वजीत सिंह सरहाली द्वारा आए हुए सभी मुख्य मेहमानों को सिरोपा डालकर सम्मानित भी किया गया।

इस समारोह की समाप्ति पर लंगर भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर टीटू कैप्टन, राजकुमार हैप्पी, कुलदीप सिंह, विनय वर्मा, हरपाल सिंह विर्क, बॉबी कुमार, गुलशन नागपाल, गुरमुख सिंह मिट्ठु , विक्रांत कुमार, भूपिंदर सिंह जोरा , एस के तिवारी, कमांडर धर्मचंद आदि उपस्थित थे।

## जन्मदिन मुबारक


रिचा टंडन


राहुल


अलिना शर्मा


सोनू

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
belfrance
bakers & chocolatiers
0161-4612000, 4633305
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार प्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 – 3
M: 98142-95372

# जीएसटी कलेक्शन से अप्रैल में सरकार को 1.67 लाख करोड़ की कमाई

नई दिल्ली / यूटर्नः भारत ने ग्रॉस GST कलेक्शन में नया रिकॉर्ड बनाया है। अप्रैल 2022 में ग्रॉस GST रेवेन्यू 1,67,540 करोड़ रुपए रहा। इसमें CGST 33,159 करोड़ रुपए, SGST 41,793 करोड़ रुपए, IGST 81,939 करोड़ रुपए और सेस 10,649 करोड़ रुपए है। इससे पहले मार्च में GST कलेक्शन 1,42,095 करोड़ रुपए रहा था। अप्रैल 2021 की बात करें तो तब 1,39,708 करोड़ का GST कलेक्शन हुआ था। यानी सालाना आधार पर GST कलेक्शन में 20% बढ़ोतरी हुई है। ऐसा पहली बार हुआ है जब GST कलेक्शन 1.5 लाख करोड़ रुपए से ऊपर निकला है। इससे पहले मार्च में GST कलेक्शन 1,42,095 करोड़ रुपए रहा था, जो इससे पहले किसी भी महीने का सबसे ज्यादा में GST कलेक्शन था। अक्टूबर में GST कलेक्शन के लिहाज से टॉप-5 राज्यों में महाराष्ट्र सबसे ऊपर है। अप्रैल 2022 में महाराष्ट्र में GST कलेक्शन पिछले साल की तुलना में 35% बढ़कर 27 हजार 495 करोड़ रुपए रहा ,जो पिछले साल 22 हजार 13 करोड़ रुपए रहा था। लिस्ट में कर्नाटक और गुजरात दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं।




अगर महंगाई और GST कलेक्शन के बीच कनेक्शन की बात करें तो जिस महीने में थोक महंगाई बढ़ी है उस महीने GST कलेक्शन भी बढ़ा है। मार्च 2022 में GST कलेक्शन ने नया रिकॉर्ड बनाया था। तब WPI भी 14.55% रही थी। ऐसा इसीलिए होता है क्योंकि जब किसी चीज की कीमत बढ़ती है तो उस पर लगने वाला टैक्स भी बढ़ जाता है। मान लीजिए सीमेंट की एक बोरी की कीमत मार्च में 300 रुपए प्रति बोरी है तो इस पर 28% GST के हिसाब से 84 रुपए टैक्स लगेगा। वहीं अप्रैल में इसकी कीमत 320 रुपए पर पहुंच जाती है। तक इस पर 90 रुपए टैक्स लगेगा। इससे साफ है कि महंगाई बढ़ने से GST कलेक्शन भी बढ़ता है। हालांकि मांग में कमी आने पर GST कलेक्शन में भी कमी आ सकती है। किसी भी तरह से आप कोई भी लेन-देन करेंगे आपको GST का पेमेंट करना होगा। इसी तरह से अगर आप बिजनेस करते हैं तो आप सामने वाले ग्राहक को बिल में GST जोड़ कर देते हैं और इसके साथ ही ग्राहक आपको पैसे देता है। फिर उसमें से जो GST का हिस्सा है वह आपको अगले महीने की 20 तारीख तक जमा कराना होता है। देश में GST के अलग-अलग टैक्स स्लैब हैं। GST में 5, 12, 18 और 28% के चार स्लैब हैं। हालांकि, गोल्ड और गोल्ड ज्वेलरी पर 3% टैक्स लगता है। कुछ अनब्रांडेड और अनपैक्ड प्रोडक्ट ऐसे भी है जिनपर GST नहीं लगता।

# प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों को भी सेवानिवृत्ति के दिन से ही मिलेगी पेंशन

नई दिल्ली / यूटर्नः केंद्र सरकार निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की मुश्किलें कम करने की दिशा में तेजी से बढ़ रही है। निजी प्रतिष्ठानों व संस्थानों के कर्मचारियों को भी निकट भविष्य में सरकारी कर्मचारियों की तरह सेवानिवृत्ति के दिन से ही पेंशन मिलेगी। इसके लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने शुक्रवार को लुधियाना में पायलट प्रोजेक्ट 'विश्वास' की शुरुआत की है। शुक्रवार को अप्रैल में सेवानिवृत्त होने वाले 54 प्रतिष्ठानों के 91 कर्मचारियों को पेंशन सर्टिफिकेट दिए गए। इनमें से सात ने आस्थगित पेंशन विकल्प को चुना है, जबकि 84 ने पेंशन को पसंद किया। यह सफल होने के बाद इसे दूसरे राज्यों




में भी शुरू किया जाएगा। ईपीएफओ के एडिशनल सेंट्रल कमिश्नर (एसीसी) कुमार रोहित ने बताया कि प्रतिष्ठानों को सेवानिवृत्ति के माह की भविष्य निधि (पीएफ) का अग्रिम भुगतान करना होगा। पीएफ कार्यालय में जरूरी दस्तावेजों के साथ पेंशन दावों को दर्ज करना होगा। माह की 15 तारीख से पहले ही सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का ईसीआर (इलेक्ट्रानिक चालान कम रिटर्न) दाखिल करना होगा। इस दौरान ईपीएफओ के एडिशनल सेंट्रल कमिश्नर (एसीसी) कुमार रोहित ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव पर 'प्रयास' से 'विश्वास' के दृष्टिकोण में एक क्रांतिकारी बदलाव है। उन्होंने कहा कि पहली बार ईपीएफओ में ऐसा किया जा रहा है, इसलिए व्यावहारिक समस्याओं को समझने के लिए लुधियाना में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। इसके बाद इसे दूसरी जगहों पर शुरू किया जाएगा।


# कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 102 रुपए महंगा हुआ

नई दिल्ली / यूटर्नः महीने के पहले दिन यानी 1 मई को 19 किलो वाले कॉमर्शियल LPG सिलेंडर की कीमत 102 रुपए महंगी हो गई है। राजधानी दिल्ली में अब नए सिलेंडर की कीमत 2355 रुपए होगी। हालांकि, घरेलू सिलेंडरों की कीमतों में कोई इजाफा नहीं हुआ है। इससे पहले कॉमर्शियल सिलेंडरों के दाम 1 अप्रैल को बढ़े थे। तक इसकी कीमत में 250 रुपए का इजाफा किया गया था। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के अनुसार 19 किलोग्राम का एलपीजी सिलेंडर आज राजधानी दिल्ली खरीदने पर आपको 2355.50 रुपए देने होंगे। 30 अप्रैल तक इसकी कीमत 2253 रुपए थी। वहीं, कोलकाता में पहले 2351 रुपए में मिल रहा था अब 2455 रुपए खर्च करने पड़ेंगे। मुंबई में 2205 रुपए की जगह आज से 2307 रुपए देने होंगे। वहीं तमिलनाडु के चेन्नई में



कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतें 2406 रुपए से बढ़कर अब 2508 रुपए हो गई है। एक मई से जेट फ्यूल की कीमतों में भी इजाफा हुआ हे। दिल्ली में एयर टरबाइन फ्यूल की कीमत 116851.46 रुपए प्रति लीटर हो गई है। वहीं कोलकाता में इसके दाम 121430.48 हो गया। मुंबई की बात करें तो यहां पर 115617.24 रुपए और चेन्नई में 120728.03 रुपए प्रति लीटर है। हालांकि आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# पाकिस्तान को सऊदी अरब देगा आठ अरब डॉलर का वित्तीय पैकेज



इस्लामाबाद। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को सऊदी अरब करीब आठ अरब डॉलर का बड़ा पैकेज देने को तैयार हो गया है। इससे पाकिस्तान के घटते विदेशी मुद्रा भंडार और संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था को उबारने में मदद मिलेगी। एक मीडिया रिपोर्ट में रविवार को यह कहा गया। मुद्रास्फीति की ऊंची दर, घटते विदेशी मुद्रा भंडार, गहराता चालू खाते का घाटा और मुद्रा के कमजोर होने से पाकिस्तान आर्थिक चुनौतियों के बीच घिरा हुआ है। 'द न्यूज' की खबर में कहा गया है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ सऊदी अरब के दौरे पर गए थे, उसी दौरान यह समझौता हुआ। इसमें तेल लिए आर्थिक मदद, जमा और सुकुक के जरिए अतिरिक्त धन और 4.2 अरब डॉलर की मौजूदा सुविधाओं को आगे ले जाना शामिल है। एक अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान ने तेल के लिए आर्थिक मदद 1.2 अरब से बढ़ाकर 2.4 अरब करने का प्रस्ताव किया था जिसे सऊदी अरब ने स्वीकार कर लिया।

# एचडीएफसी ने उधारी दर में की 5 आधार अंकों की वृद्धि


नई दिल्ली / यूटर्नः एचडीएफसी लिमिटेड ने रविवार को अपनी बेंचमार्क उधारी दर में 5 आधार अंकों की वृद्धि की है। यह एक ऐसा कदम है, जो मौजूदा उधारकर्ताओं के लिए ईएमआई में वृद्धि करेगा। एचडीएफसी लिमिटेड द्वारा यह दर वृद्धि भारतीय स्टेट बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा सहित अन्य उधारदाताओं के बाद की गई है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि एचडीएफसी ने हाउसिंग लोन पर अपनी रिटेल प्राइम लेंडिंग रेट (आरपीएलआर) को एक मई, 2022 से 0.05 प्रतिशत बढ़ा दिया है। हालांकि, नए ग्राहकों के लिए दरों में कोई इजाफा नहीं होगी। नए ग्राहकों के लिए ब्याज दर कर्ज की राशि और अवधि के हिसाब से 6.70 से लेकर 7.15 प्रतिशत तक रहेगी। इससे पहले पिछले महीने एसबीआई और अन्य उधारदाताओं ने मौजूदा ग्राहकों के लिए बेंचमार्क उधार दरें बढ़ाई थी, जिससे




ईएमआई में इजाफा हुआ। आने वाले महीनों में ब्याज दरों के सख्त होने की उम्मीद है क्योंकि भू-राजनीतिक तनावों के कारण वैश्विक मुद्रास्फीति संबंधी आशंकाएं बढ़ी हैं। इसमें यूक्रेन पर रूसी आक्रमण का भी असर है। केंद्रीय रिजर्व बैंक ने बैंकों के लिए प्रमुख रेपो दर या अल्पकालिक उधार दरों को अपरिवर्तित रखते हुए बीते महीने कहा था कि आगे जाकर वह उदार रुख छोड़कर यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएगा कि मुद्रास्फीति लक्ष्य के भीतर बनी रहे। बता दें कि मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर लगभग 7% हो गई, जबकि केंद्रीय बैंक ने 6% ऊपरी सीमा का अनुमान रखा था। ऐसे में माना जा रहा है कि जून में बैंक लोन महंगा हो सकता है क्योंकि आरबीआई रेपो दर बढ़ा सकता है। यह बात समाचार एजेंसी रॉयटर्स के एक पोल में निकलकर सामने आई है। इसके मुताबिक, इस बार रेपो रेट में तेज बढ़ोतरी होगी क्योंकि मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी केंद्रीय बैंक पर तेजी से काम करने का दबाव बना रही है।

# गोल्ड हॉलमार्किंग के दायरे में 24 कैरेट सोना भी होगा

नई दिल्ली / यूटर्नः सरकार ने सोने की शुद्धता के लिए गोल्ड हॉलमार्किंग अनिवार्य करने का जो कदम पिछले साल उठाया था, अब उसका दायरा बढ़ने जा रहा है। यह चरण एक जून से शुरू होगा और 24 कैरेट गोल्ड के आभूषण भी अब अनिवार्य गोल्ड हॉलमार्किंग के दायरे में होंगे। सरकार ने शनिवार को कहा कि सोने के आभूषण और कलाकृतियों की अनिवार्य हॉलमार्किंग का दूसरा चरण 1 जून से शुरू होगा। सोने की हॉलमार्किंग पीली धातु की शुद्धता का पैमाना होती है। यह 16 जून 2021 तक स्वैच्छिक था जिसके बाद सरकार ने सोने की अनिवार्य हॉलमार्किंग को चरणबद्ध तरीके से लागू करने का निर्णय लिया। पहले चरण में देश के 256 जिलों को इसके दायरे में लाया गया। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा कि



अनिवार्य हॉलमार्किंग के दूसरे चरण के दायरे में सोने के आभूषणों के तीन अतिरिक्त कैरेट (20, 23 और 24 कैरेट) के अलावा 32 नए जिले आएंगे। जहां पहले चरण के लागू होने के बाद एक परख एवं हॉलमार्क केंद्र स्थापित किया गया है। केंद्र सरकार ने इस संबंध में आदेश अधिसूचित कर दिया है और एक जून, 2022 से यह लागू हो जाएगा। भारतीय मानक ब्यूरो ने 23 जून 2021 से देश के 256 जिलों में सोने की अनिवार्य हॉलमार्किंग सफलतापूर्वक लागू की जहां हर दिन हॉलमार्क विशिष्ट पहचान (एचयूआईडी) के साथ 3 लाख से अधिक स्वर्ण आभूषणों पर हॉलमार्क लगाया जा रहा है। सामान्य उपभोक्ता भी बीआईएस द्वारा मान्यताप्राप्त एएचसी पर सोने के आभूषण की शुद्धता की जांच करा सकता है। सोने की हॉलमार्किंग का पहला चरण पिछले साल शुरू हुआ था, सरकार ने यूआईडी नंबर समेत कारोबारियों की कई तरह की आशंकाओं को दूर किया था और इसे ग्राहकों और कारोबारियों दोनों के हित में बताया था।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने अप्रैल में रिकॉर्ड-तोड़ बिक्री हासिल की

लुधियाना / यूटर्नः स्कोडा ऑटो इंडिया ने स्लाविया के लिए इसके लॉन्च होने के एक महीने के भीतर 10,000 बुकिंग्स दर्ज करने और मार्च 2022 में रिकॉर्ड-तोड़ बिक्री करने के बाद अप्रैल के महीने में 5,152 यूनिट की बिक्री करने का एक और शानदार रिकॉर्ड बनाया है। अप्रैल 2021 में कंपनी ने 961 वाहन बेचे थे और इसमें वार्षिक आधार पर 436% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। यह स्कोडा ऑटो इंडिया के लिए एक नया रिकॉर्ड भी है क्योंकि मार्च 2022 के जबर्दस्त बिक्री प्रदर्शन के बाद एक महीने में बेची गई कारों की यह दूसरी सबसे बड़ी संख्या है। 2022 की पहली तिमाही भी कंपनी के लिए रिकॉर्ड-तोड़ रही थी। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक, जैक हॉलिस ने कहा, यह



देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि एक सेडान हमें बिक्री में लगातार नए रिकॉर्ड बनाने में मदद कर रही है। स्लाविया जबरदस्त रूप से सफल रही है, जबकि कुशाक एसयूवी को भी ग्राहक लगातार खरीद रहे हैं। स्कोडा ऑटो इंडिया में हम सभी और हमारे पार्टनर्स ने अपने नेटवर्क को बढ़ाने, कस्टमर टचपाइंट की संख्या में वृद्धि करने, जहाँ हमारी मौजूदगी नहीं है वैसे नए बाजारों में पहुंचने और अपने ग्राहकों के और करीब जाने के लिए अपने प्रयासों को हमने दोगुना किया है।

# अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस का हुआ आयोजन



लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। रविवार को नॉर्दन रेलवे मेंस यूनियन लुधियाना अलर्सा और जे पी एम ओ की अगुवाई में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस का आयोजन रेलवे स्टेशन के बाहर किया गया। इस रैली में हजारों संख्या में मजदूरों ने हिस्सा लिया इस रैली में मुख्य तौर पर कामरेड मंगत राम पासला सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सीटीयू पंजाब उपस्थित रहे। प्रधान मंडल के तौर पर रघुवीर सिंह बेनीवाल कन्वीनर जेपीएम प्रोफेसर सुरिंदर जयपाल सिंह जगदीश चंद्र पाल सिंह मौजूद रहे। मंच का संचालन एनआरएमयू के डिवीजनल प्रेसिडेंट कामरेड कुलविंदर सिंह ग्रेवाल ने किया जिसमें उन्होंने सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध किया। मजदूरों को संगठित और संघर्षशील रहने का संदेश दिया कामरेड ग्रेवाल ने रेलवे सहित तमाम केंद्र कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना की तुरंत बहाली की मांग की लगभग 400 करोड़ रुपए के ठेके से लुधियाना रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण करने का भी पुरजोर विरोध किया एनआरएम यू लुधियाना के सभी ब्रांच के कन्वीनर कामरेड घनश्याम सिंह ने शिकागो के शहीदों की गौरवमई इतिहास पर चर्चा की और कहा कि मजदूर वर्ग सदैव से ही सरकारों द्वारा मजदूर के प्रति गलत नीतियों के विरोध में समय-समय पर आवाज बुलंद करता रहता है।

पंजाब में नहीं थम रहा विदेशो में पढ़ाई के नाम ठगी-ठोरी का सिलसिला

# पिरामिड सर्विस पर लगे करोड़ों की ठगी के आरोप

जालंधर / यूटर्न / 01 मई। पंजाब में पिरामिड ई सर्विसेज पर करोड़ों रुपए ठगी करने का आरोप लगे हैं। पंजाब के अलग-अलग जिलों के छात्रों ने पिरामिड सर्विस पर ठगी का आरोप लगाते हुए डीसी घनश्याम थोरी से कार्रवाई की मांग की है।




छात्रों का आरोप है कि प्रत्येक छात्र से कई लाख रुपए लिए गए, लेकिन उन्हें विदेश में पढ़ने नहीं भेजा गया। मामला कई महीने से चल रहा है, लेकिन जिला प्रशासन इस पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। पिरामिड सर्विस द्वारा ठगी का शिकार हुए छात्रों ने बताया कि विदेश में पढ़ाई के लिए यूनिवर्सिटी की फीस के नाम पर लाखों रुपए जमा करवाए गए, लेकिन पिरामिड सर्विस ने उन्हें विदेश ही नहीं भेजा। पीड़ित छात्रों के मुताबिक पिरामिड सर्विस से जब पैसे वापस मांगा जा रहा है, तो पैसे भी वापस नहीं किए जा रहे हैं। इस संबंध में किसान यूनियनों के साथ छात्रों ने पिछले दिनों डीसी और पुलिस कमिश्नर के दफ्तर के बाहर धरना दिया। इसके साथ ही छात्रों ने बस स्टैंड के पास स्थित पिरामिड सर्विस के दफ्तर में छात्रों ने धरना दिया था। छात्रों के अनुसार पिरामिड सर्विस के ट्रेवल एजेंटों ने विदेशों से कालेज में पढ़ाई के लिए लाखों रुपए ले लिए और ऐसे कालेजों में एडमिशन करवाया जो विदेशों में चल ही नहीं रहे थे। जब छात्र वहां पढ़ाई करने पहुंचे तो पता चला कि कालेज बंद हो चुके हैं या दिवालिया हो चुके हैं। इस संबंध में पिरामिड सर्विस के अधिकारियों संपर्क साधने पर उनसे बात नहीं हो पाई।

# बिजली-पानी की किल्लत से परेशान महिलाओं ने ताजपुर रोड किया जाम



लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। लुधियाना में बिजली कटों और पानी की किल्लत ने लोगों को सड़कों पर ला दिया है। लोगों ने आम आदमी पार्टी की सरकार खिलाफ मोर्चा खोलना शुरू कर दिया है। रविवार सुबह ताजपुर रोड ईडब्ल्यूएस कॉलोनी के लोगों ने विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। लोगों ने पूरा ताजपुर रोड जाम कर दिया और सरकार विरोधी नारेबाजी की। लोगों का आरोप है कि उनके घरों में वैसे तो पीने का पानी कभी आता नहीं यदि पानी आ भी जाए तो पानी दूषित आता है। इस मामले में कई बार वह विधायक दलजीत सिंह भोला से मिले, लेकिन भोला हर बार उन्हें समस्या का हल निकालने का आश्वासन देकर चलता कर देते। इलाके की समस्या ज्यों की त्यों पड़ी हैं। न ही इलाके में बिजली सप्लाई सही से चल पा रही है, पूरी रात लोगों ने गर्मी में बिताई। वह कई बार निगम अधिकारियों के पास अपनी समस्या को लेकर गए है। लेकिन निगम अफसर एक पानी का टेंकर भेजने के नाम पर एक हजार रुपये की मांग कर रहे है। वह गरीबी की हालत में कहां से पैसा लाए। इलाका पार्षद और विधायक भी उनकी समस्या पर गौर नहीं कर रहे है। वह उनके दफ्तरों तक अपनी शिकायत पहुंचा चुके है। कोई हल नहीं निकलने पर महिलाओं एकजुट होकर यह मोर्चा खोला है।

# दुकानदार ने दुकान में घुसे लुटेरों का पिस्तौल छीना, भागे बदमाश

लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। बाबा मुकंद सिंह नगर इलाके की एक दुकान में पिस्तौल के बल पर लूट की नीयत से घुसे बदमाशों को उस समय उलटे पांव दौड़ना पड़ा, जब दुकानदार उनसे भिड़ गया। दुकानदार ने उनका पिस्तौल तो छीन ही लिया, वहां से भाग रहे बदमाशों के कपड़ों में छिपा कर रखा एक खिलौना पिस्तौल भी वहीं गिर गया। सूचना मिलने पर पहुंची थाना डिवीजन नंबर 6 पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लेने के बाद तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज करके उनकी तलाश शुरू कर दी। बदमाशों के देसी पिस्तौल और खिलौना पिस्तौल को कब्जे में लेकर जांच के लिए लैब में भेज दिया है। एएसआइ लखवीर सिंह ने बताया कि उक्त केस बाबा मुकंद सिंह नगर निवासी शत्रुघ्न पासवान की शिकायत पर दर्ज किया गया।

# जसवंत सिंह ज़फर ने पुस्तक 'हीलिंग - लेटर्स टू माय फ्रेंड सुमीत' का विमोचन किया



लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। सुमीत गोगिया के पिता मनिंदर सिंह गोगिया द्वारा सतलुज क्लब, लुधियाना में शनिवार को 30 अप्रैल, 2022 को एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाबी लेखक श्री जसवंत सिंह ज़फर का पुष्पांजलि स्वागत किया गया, जिसके बाद रवनीत सिंह (पुस्तक के लेखक) ने पुस्तक के बारे में अपने विचार सांझे किए और पुस्तक के मुख्य पात्र सुमीत के लिए उनकी भावनाएं क्या हैं। लॉन्च के साथ जसप्रीत कौर फलक, शैली वाधवा, अमृतपाल सिंह गोगिया, चांदनी वाधवानी और गुरदयाल मांझी द्वारा प्रस्तुत कविताएँ भी थीं। मुख्य अतिथि ने रवनीत सिंह बग्गा की पुस्तक 'हीलिंग - लेटर्स टू माई फ्रेंड सुमीत' का विमोचन किया। मनिंदर सिंह गोगिया और भूपिंदर कौर गोगिया द्वारा सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया गया। इस पुस्तक में रवनीत सिंह बग्गा ने एक ऐसी आत्मा का परिचय दिया है, जिसकी अंधकार से प्रकाश तक की यात्रा को चित्रित किया गया है, जिसकी नींव आशा और इच्छा पर टिकी हुई है। वह शख्स कोई और नहीं बल्कि उसका अपनी दोस्त सुमीत गोगिया है जो एक मेडिकल सर्वाइवर है, लेकिन उसकी दिव्यता उगते सूरज से कम नहीं है। इस पुस्तक में उन्होंने अपने प्रिय मित्र सुमीत के लिए प्रार्थना के रूप में और उनके कठिन सफर के बारे में कविताएँ लिखी हैं। सुमीत संवेदना और संवेदनशीलता की अभिव्यक्ति है। विचार और भावना, अंतर्ज्ञान और भावना, नैतिकता और भावनात्मकता की आकाशगंगा को दर्शाती हर काव्य कृति के साथ दो पुस्तकों के साथ एक युवा कवि है।

# मेकअप आर्टिस्ट यू वी घई द्वारा दिए मेकअप टिप्स गर्मियों में कैसे रखे ध्यान

लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। भारत नगर स्थित क्रियोलैन तथा ब्यूटी हब स्टुडियो द्वारा मेकअप सेमिनार का आयोजन संदीप अरोड़ा की अध्यक्षता में किया गया। जहां पंजाब भर से ब्यूटीशियन ने हिस्सा लिया। सेमिनार में मशहूर मेकअप आर्टिस्ट यू वी घई द्वारा सेमिनार में हिस्सा लेने वाली महिलाओं को टिप्स दिए गए और किस तरह क्रियोलैन के प्रोडक्ट का सही यूज करके गर्मियों में किस तरह मेकअप को स्टेंड किया जा सकता है। वहीं उच्च तकनीक का सहारा लेकर हमेशा मेकअप को अच्छा किया का सकता है। सेमिनार के आखिर में सेमिनार में हिस्सा लेने वाले सभी को सर्टिफिकेट दिए गए।



# भगवान परशुराम के अवतार दिवस को समर्पित गोष्ठी आयोजित

## अन्य धार्मिक स्थलों की तर्ज पर राम मंदिर यात्रा पर मिले छूट: ब्राह्मण समाज



लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा पंजाब की ओर भगवान परशुराम जी के अवतार दिवस के अवसर पर लुधियाना के पेंशनर्स भवन में भगवान परशुराम के जीवन और कार्यों पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस समारोह में पंजाब के विभिन्न जिलों के विभिन्न ब्राह्मण सभाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर नरोत्मा शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवन और इतिहास पर प्रकाश डाला और पूरे ब्राह्मण समुदाय से अपील की कि वे अपनी आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति और विरासत से जोड़े और अपना इतिहास अपने बच्चों को दें। ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष हरिंदर पाल शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ब्राह्मण समुदाय की समस्याओं को दूर करने के लिए एकता की जरूरत है और कल्याण बोर्ड अपने स्तर पर अपने प्रयास जारी रखे हुए है। पटियाला के अश्विनी भास्कर शास्त्री ने भी कहा कि हिंदू संस्कृति को बचाने के लिए इस तरह के सेमिनार और गोष्ठियों की जरूरत है। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा पंजाब के अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा, उपाध्यक्ष बीएम कालिया, महासचिव सतपाल आसिम और समूची कार्यकारिणी समिति ने मांग की कि भारत सरकार श्रीराम मंदिर जाने के लिए अयोध्या जाने वाले तीर्थयात्रियों का किराया आधा कर दे और केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित हिंदू अधिनियम का भी समर्थन किया। समारोह में मुख्य रूप ए .के शर्मा, के. के. बावा, मनमोहन कालिया, पवन शर्मा, सुशील शर्मा, चंद्र शेखर शर्मा, के.के शर्मा, रमेश भट्ट, जतिन शर्मा, राजिंदर शर्मा, जतिंदर शर्मा पाली, भूपिंदर शर्मा, कणव कालिया, पंडित शिव नाथ, सतविंदर शर्मा तथा बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

# श्री सिद्ध पीठ श्री दण्डी स्वामी मंदिर में मूर्ति प्रतिष्ठा दिवस 3 मई को




लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। अक्षय तृतीया के दिन ही सिद्धपीठ में पद्मासन मुद्रा में बैठे हुये लक्ष्मी-नारायण जी एवं शिवपरिवार की विधिवत प्राणप्रतिष्ठा पूर्वक स्थापना किया गया था। उसी उपलक्ष्य में 3 मई को प्रतिष्ठा दिवस मनाया जायेगा। श्री सिद्ध पीठ श्री दण्डी स्वामी मंदिर में मूर्ति प्रतिष्ठा दिवस बहुत ही धूमधाम के साथ प.राज कुमार शर्मा जी की अध्यक्षता में मनाया जाता है। यह उत्सव प्रति वर्ष मनाया जाता है। प्रातःकाल 9 बजे से महाराज जी की आज्ञा लेकर लक्ष्मी-नारायण जी एवं शिव-परिवार का आचार्य सोहन वेदपाठी जी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजन कराया जायेगा जिस के पूर्ण बाद आए हुई संगत को महराज़ जी का भंडारा बिठा कर खिलाया जाएगा

# ईद-उल - फितर का चांद नजर नहीं आया : शाही इमाम पंजाब

लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। पंजाब के मुसलमानों के दीनी मरकज जामा मस्जिद लुधियाना से पंजाब के शाही इमाम व रूअते



हिलाल कमेटी पंजाब (चांद देखने वाली कमेटी) के अध्यक्ष मौलाना मुहम्मद उसमान रहमानी लुधियानवी ने पूरे पंजाब भर से प्राप्त हुई जानकारी के अनुसार यह ऐलान किया कि आज ईद-उल-फितर का चांद नजर नहीं आया। इसलिए अब 3 मई दिन मंगलवार को ईद-उल-फितर का त्यौहार मनाया जायेगा। इस पवित्र त्यौहार की शाही इमाम ने समूह पंजाब वासियों को दिली मुबारकबाद दी।

# पंजाब के किसान संगठन 5 मई को जाएंगे लखीमपुर खीरी



लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले होंगे रवाना किसान संगठन संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के बैनर तले 5 मई को उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जाएंगे ताकि पिछले साल वहां मारे गए किसानों के लिए न्याय सुनिश्चित किया जा सके। पंजाब बीकेयू के महासचिव हरिंदर सिंह लखोवाल ने कहा कि किसान नेता 4 मई को पंजाब से निकलेंगे और राजस्थान, यूपी और हरियाणा के अन्य किसानों से लखीमपुर खीरी में मिलेंगे। एसकेएम के बैनर तले किसान संघ 5 मई को लखीमपुर खीरी का दौरा करेंगे ताकि पिछले साल वहां मारे गए किसानों के लिए न्याय सुनिश्चित किया जा सके।

### डायंग ऐसोसिएशन ने विधायक गोगी को बताई अपनी, समस्याएं

# मुख्यमंत्री के महानगर दौरे पर व्यापारियों की समस्याओं को पहल के आधार पर हल कराया जायेगा: विधायक गोगी

लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। रविवार को डायंग एसोसिएशन की तरफ से विजय दानव जी के नेतृत्व में स्थानिक होटल में एक मीटिंग करवाई गई। इस मीटिंग में आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत गोगी मुख्य मेहमान के तौर पर शिरकत की गई। इस मौके जहाँ समूह डायंग एसोशिएशन के अधिकारी की तरफ से विजय दानव का नेतृत्व में जहाँ गुरप्रीत गोगी का स्नेहपूर्ण स्वागत किया गया वहां ही उन की तरफ से समय निकालने और मीटिंग में पहुँचने के लिए धन्यवाद किया गया। इस मौके सब से पहले मीटिंग को संबोधन करते हुए अशोक मकड़ ने जहाँ डायंग उद्योग की लुधियाना शहर को क्या देन है और डायंग उद्योग ने किस प्रकार लुधियाना का नाम सारी दुनिया में रौशन किया है के बारे बताया वहां ही अपनी समस्याओं बारे भी बताया। इस से मीटिंग को संबोधन करते हुए विजय दानव ने सब से विधायक गुरप्रीत गोगी जी को इस मीटिंग में पहुँचने और धन्यवाद किया वहां ही कहा कि शहर को अगर सही मायने में अपना प्रतिनिधि और सभी को साथ लेकर चलने वाला नुंमायन्दा मिला है तो वह विधायक गुरप्रीत गोगी हैं। उन की काम करने की शैली कारण



और उन की तरफ से किये गए कामों कारण वह लोगों में दिन दिन हरमन प्यारे हो रहे हैं। इस दौरान विजय दानव की तरफ से विशेष तौर पर डायंग एसोसिएशन की समस्याएँ को विधायक गुरप्रीत गोगी आगे उठाया जिस में ऐसोशिएसन की माँग थी कि प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड का चेयरमैन लुधियाना से लगाया जाये और दूसरी माँग की कि सरकार उद्योगपतियों से जो मर्ज़ी कराने परंतु उद्योग नीति को सरल रख जिससे किसी व्यापारी को कोई समस्या न आए और तीसरी माँग की महानगर में कई अफ़सर पिछले काफ़ी लंबे समय से अपनी कुर्सी पर बैठे हैं जो कि लगातार व्यापारियों को परेशान करते हैं इस लिए ऐसे अफसरों को तुरंत बदला जाये। मीटिंग की समाप्त मौके विधायक गुरप्रीत गोगी ने डायंग एसोसिएशन को विश्वास दिलाया उनकी जो भी समस्याएँ इस सम्बन्धित उन की तरफ से विजय दानव जी के साथ मिल कर पहला ही विचार चर्चा की जा चुकी है और इस सम्बन्धित रोडमैप भी तैयार किया जा चुका है। उन कहा व्यापारी शहर का मान हैं क्योंकि शहर का नाम जहाँ रौशन करते वहां ही लोगों को रोज़गार भी देते हैं। उन कहा कि 5 मई को मुख्य मंत्री भगवंत मान जी की तरफ से लुधियाना के दौरा किया जायेगा और इस दौरान उन की सभी समस्याएँ को उन के सामने रख कर पहल के आधार पर हल कराया जायेगा। इस मौके रमणीक भाटिया, महेश ऋषि, गोपाल बिकी, मनदीप सिंह, महेश जी, महांदेव प्रसाद, राजेश कुमार, कृष्णा पराशर, गोलू, सचिन, विवेक, अंकुर मल्होत्रा, संजय मलहोरता, रौमन कृष्णा चौधरी, सन्दीप बजाज निटी, गर्भपात गोयल, कनौज दानव उपस्थित थे।

## अमरजीत सिंह स्वान बने लुधियाना सी विंग मशीन इंडस्ट्री एसोसिएशन के प्रधान

लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। लुधियाना सीविग मशीन इंडस्ट्री एसोसिएशन की एनुअल जनरल बैठक होटल पार्क प्लाजा में हुई। इस दौरान जहां पिछले टर्म का लेखा जोखा सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया, वहीं वर्ष 2022-24 के लिए अध्यक्ष पद के चुनाव करवाए गए। एसोसिएशन के महासचिव सतपाल सिंह ने आए सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस दौरान सर्वसम्मति से एसोसिएशन में सुधार को लेकर भी कई फैसले लिए गए। इसमें सबसे अहम फैसला क्लब के संविधान में संशोधन का लिया गया। इसके साथ ही सदस्यता, सदस्यता शुल्क, पदों में बढ़ोतरी और



संशोधन पर भी चर्चा की गई। एसोसिएशन की पिछले तीन साल की बैलेंस शीट भी पारित करवाई गई। प्रधान पद के चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी गुरदीप सिंह, वरिदर रखेजा और सतपाल सिंह रहे। इस दौरान पंजाब प्लाइवुड एसोसिएशन के प्रधान इंद्रजीत सिंह सोहल भी मुख्य रूप से शामिल हुए। चुनाव के दौरान 159 सदस्यों की ओर से वोट दिए गए और दो वोट इनमें से इनवैलिड रही। चुनाव अधिकारी की ओर से वोटों की गिनती के बाद अमरजीत सिंह स्वान को विजेता घोषित किया। उन्हें 126 वोट मिले, जबकि हरिदरजीत सिंह को तीस वोट मिले। अमरजीत सिंह स्वान ने कहा कि वे इंडस्ट्री के हितों के लिए काम करेंगे और इस सेक्टर को आ रही समस्याओं के समाधान के लिए जहां अधिकारियों संग बैठकें करेंगे। वहीं इस सेक्टर की ग्रोथ के लिए नई तकनीक से वाकिफ करवाने के लिए सेमिनार सहित एक्टीविटी आयोजित करवाएंगे।

## भगवान महावीर सेवा संस्थान द्वारा 3 मई दिन मंगलवार को फ्री मेडिकल कैंप: राकेश जैन

लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। भगवान महावीर सेवा संस्थान की ओर से एक विशाल मेडिकल कैंप का आयोजन 3 मई दिन मंगलवार सुबह 9:00 बजे से 1:00 बजे तक भगवान महावीर सेवा संस्थान द्वारा संचालित सभी चैरिटेबल डिस्पेंसरी{ सुंदर नगर, नूरवाला रोड, हैबोवाल} में लगाया जा रहा है यह कैंप लुधियाना के प्रसिद्ध उद्योगपति, सूश्रावक स्वर्गीय कल्याण चंद जैन { शांतिलाल, कल्याण चंद जैन, रवीश जैन के सी निटर्स परिवार} जी की प्रथम पुण्य स्मृति पर आयोजित किया जा रहा है कैंप के संयोजक: भगवान महावीर सेवा संस्थान संस्थापक अध्यक्ष ने बताया इस कैंप में निशुल्क चेकअप, निशुल्क बीपी चेक अप, निशुल्क शुगर चेकअप, नि:शुल्क दवाइयां आदि की




व्यवस्था भी रहेगी आज भगवान महावीर सेवा संस्थान के पत्राचार कार्यालय: मलेरकोटला हाउस, सिविल लाइन, में प्रचार-प्रसार सामग्री भी रिलीज की गई इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष राकेश जैन, जैन क्रिएटिव लाइन की डायरेक्टर, रमा जैन, स्टर्लिंग लैब के मालिक गोकुलेश गुप्ता, डॉ नेहा गुप्ता, फार्मासिस्ट रिद्धि जैन, सुलोचना जैन, मोनिका जैन, सचिन जैन, सोहम जैन, आदि अन्य उपस्थित थे।

## चाइल्डहुड किंडरगार्टन प्लेवे स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाया



लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। नृत्य एक कला रूप है जो जीवन की भावनाओं को व्यक्त करने में मदद करता है और मन, शरीर और आत्मा को आराम देता है। प्रदर्शन कला के इस विशिष्ट रूप को श्रद्धांजलि देने के लिए हर साल 29 अप्रैल को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष बचपन के किंडरगार्टन ने नर्सरी और किंडरगार्टन के छात्रों के साथ बड़े जोश और उत्साह के साथ दिन मनाया। उत्सव का उद्देश्य सभी नृत्य रूपों के लिए छात्रों में रुचि और सम्मान पैदा करना था, चाहे वह शास्त्रीय हो या पश्चिमी। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक इशनीत शर्मा ने कहा कि बच्चों को संगीत के माध्यम से खुद को व्यक्त करने का मौका मिलता है, नृत्य उनके आंदोलन को अभिव्यक्ति देता है और उन्हें खुशी और उत्साह के साथ कदम उठाने का आत्मविश्वास देता है।

## पुलिस ने अवैध शराब सहित 3 लोगों को किया गिरफ्तार

लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। लुधियाना पुलिस ने शराब तस्करों पर शिकंजा कसते हुए आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने उक्त आरोपियों से 50 पेटी अवैध शराब बरामद की है। पुलिस का कहना है कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि तस्कर अवैध शराब लेकर आ रहे हैं, जिस दौरान उन्होंने छापेमारी करके चंडीगढ़ से तस्करी कर लाई गई 50 पेटी अवैध शराब बरामद की है। आरोपी की पहचान सुरिंदर सिंह पुत्र मोहिंदर सिंह निवासी गांव प्रताप सिंह वाला, कुलदीप सिंह पुत्र अतर सिंह निवासी दुगरी और मंजीत सिंह उर्फ रिकी निवासी गांव प्रताप सिंह वाला के रूप में हुई है। पुलिस ने फिलहाल इस केस में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## राक फाऊंडेशन द्वारा एजीएम जरनल बाडी की बैठक का आयोजन किया



लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। राक फाऊंडेशन जरुरतमंदों की सेवा में हमेशा अग्रणी रही है। फाऊंडेशन 8 वर्षो से सामाजिक सेवा कार्य करने का दायित्व चलाने का प्रयास कर रहा है जिसमें अभी तक 6 करोड़ का खर्च किया जा चुका है। उक्त विचार राक फाऊंडेशन द्वारा सिविल लाइंस आत्म श्रमण कम्युनिटी सेंटर में आयोजित एजीएम जरनल बाडी की बैठक में फाऊंडेशन अध्यक्ष पंकज जैन ने व्यक्त किए इस अवसर पर फाऊंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यो की लेखा जोखा रिपोर्ट पढ़ी गई। फाऊंउेशन सदस्यों व गणमान्यों ने संस्थान की वर्षगांठ पर केक काटा। संस्थान अध्यक्ष पंकज जैन की अगुआई में सीएमसी के डायरेक्टर विलियम भट्टी, डा. बाबी जैन हड्डियों के विशेषज्ञ, अकाई अस्पताल के डायरेक्टर डा. बी एस औलख, डा. नायल स्किन विशेषज्ञ सीएमसी, दिनेश जैन डीएमसी, डा. राजेश ब्लड बैंक डीएमसी, डा. श्रति कक्कड़ डीएमसी, एपी शर्मा प्रधानाचार्य केवीएम, मनिदर साबती केक स्कायर, विद्या चैंप इंस्ट्रीयूट को सम्मानित किया गया।

## गुजरांवाला गुरु नानक खालसा कॉलेज में डिग्री वितरण समारोह संपन्न






लुधियाना / यूटर्न / 01 मई। लुधियाना के गुजरांवाला गुरु नानक खालसा कॉलेज में आज डिग्री वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में छात्रों के बीच करीब 300 डिग्रियां बांटी गई। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. कुंवर विजय प्रताप सिंह, विधायक, अमृतसर (उत्तर) और पूर्व आईपीएस शामिल रहे। गुजरांवाला खालसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ. स.प. सिंह, पूर्व कुलपति, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर। इस अवसर पर स.गजिंदर सिंह, पं. हरदीप सिंह, एस. हरशरण सिंह नरूला और कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला और विभिन्न विभागों के शिक्षक और छात्रों ने समारोह में भाग लिया। डॉ स.प.सिंह ने औपचारिक रूप से गुलदस्ता भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया और कॉलेज के 100 साल के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक शैक्षणिक संस्थान है जहां प्रतिभाओं को आकार दिया जाता है। इस कॉलेज से शिक्षा प्राप्त कर छात्रों ने विभिन्न शैक्षणिक, प्रशासनिक, न्यायिक, राजनीतिक, सामाजिक कल्याण, साहित्यिक गतिविधियों और खेल जगत में अपना नाम बनाया है। उन्होंने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस उपाधि वितरण समारोह में डॉ. कुंवर विजय प्रताप सिंह ने अपने उद्घाटन भाषण में गुजरांवाला खालसा एजुकेशनल काउंसिल के पदाधिकारियों, प्राचार्यों, शिक्षकों और छात्रों को इस कॉलेज के 100 साल के गौरवशाली इतिहास और अनूठी उपलब्धियों पर बधाई दी. उन्होंने वर्तमान शिक्षा प्रणाली की जानकारी देते हुए कहा कि आज पूरा विश्व विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जुड़ा हुआ है। जिसके तहत शिक्षा प्रणाली में भी कई तरह के बदलाव हो रहे हैं जो छात्रों के समग्र विकास के लिए फायदेमंद साबित होंगे। वर्तमान में भारतीय शिक्षा प्रणाली आधुनिकीकरण के दौर से गुजर रही है। भारत सरकार यूजीसी और एआईसीटीई शैक्षिक संस्थानों जैसे शिक्षा को व्यावसायिक उन्मुख बनाने के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थापित किए हैं। आजकल सिर्फ डिग्री हासिल करना ही नहीं बल्कि नौकरी पाने के लिए हुनर का होना भी जरूरी है।

## स्टाइल

# बॉलीवुड एक्ट्रेस की तरह पहनें ब्लैक आउटफिट

गर्मी का मौसम आते ही अक्सर महिलाएं लाइट कलर कपड़ों को अधिक प्राथमिकता देती हैं। यह लाइट कलर पहनने में काफी कंफर्टेबल होते हैं। लेकिन इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि आपको डार्क कलर्स जैसे ब्लैक आदि से पूरी तरह से तौबा कर लेनी चाहिए। अगर आप किसी खास ओकेजन पर या फिर इवनिंग लुक में लीक से हटकर कुछ पहनना चाहती हैं, तो ऐसे में ब्लैक कलर आउटफिट पर फोकस कर सकती हैं। यहां तक कि बॉलीवुड एक्ट्रेस भी ब्लैक कलर को काफी पसंद करती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बॉलीवुड डीवाज के कुछ ब्लैक कलर लुक्स के बारे में बता रहे हैं, जो यकीनन आपको भी पसंद आएंगे-

### हिना खान



बॉलीवुड एक्ट्रेस हिना खान का यह ब्लैक कलर लुक पार्टी के लिए यकीनन एकदम परफेक्ट है। इस लुक में हिना खान ने ब्लैक कलर गाउन को कैरी किया है, जिसका लुक ब्लेजर विद लॉन्ग स्कर्ट है।


### प्रियंका चोपड़ा

अगर आप किसी गेट टू गेदर या फिर फैमिली फंक्शन में शामिल होने जा रही हैं, तो बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा के इस लुक से आइडिया लिया जा सकता है। इस लुक में प्रियंका चोपड़ा ने ब्लैक कलर की साड़ी को स्टाइल किया है।

### सोनम कपूर

बॉलीवुड की स्टाइल डीवा मानी जाने वाली एक्ट्रेस सोनम कपूर ने अपने प्रेग्नेंसी पीरियड में ब्लैक कलर को बेहद ही स्टनिंग तरीके से कैरी किया है। उन्होंने ब्लैक कलर शीयर काफ्तान के साथ मैचिंग बॉटम व हील्स को पेयर किया है। स्टेटमेंट इयररिंग्स और ब्राउन लिप्स लुक उनके स्टाइल को कॉम्पलीमेंट कर रहे हैं।

## आज का विचार




## कार्टून-कोना, राज-नीति







# देश की मानव पूंजी पर भारत को अपना पूरा ध्यान केंद्रित करना चाहिए

किसी भी आर्थिक गतिविधि में सामान्यतः पांच घटक कार्य करते हैं- भूमि, पूंजी, श्रम, संगठन एवं साहस। हां, आजकल छठे घटक के रूप में आधुनिक तकनीकि का भी अधिक इस्तेमाल होने लगा है। परंतु पूंजीवादी अर्थव्यवस्थाओं में चूंकि केवल पूंजी पर ही विशेष ध्यान दिया जाता है अतः सबसे अधिक परेशानी, श्रमिकों के शोषण, बढ़ती बेरोजगारी, समाज में लगातार बढ़ रही आर्थिक असमानता और मूल्य वृद्धि को लेकर होती है। पूंजीवाद के मॉडल में उपभोक्तावाद एवं पूंजी की महत्ता इस कदर हावी रहते हैं कि उत्पादक लगातार यह प्रयास करता है कि उसका उत्पाद भारी तादाद में बिके ताकि वह उत्पाद की अधिक से अधिक बिक्री कर लाभ का अर्जन कर सके। पूंजीवाद में उत्पादक के लिए चूंकि उत्पाद की अधिकतम बिक्री एवं अधिकतम लाभ अर्जन ही मुख्य उद्देश्य है अतः श्रमिकों का शोषण इस व्यवस्था में आम बात है। आज तक भी उत्पादन के उक्त पांच/छह घटकों में सामंजस्य स्थापित नहीं किया जा सका है। विशेष रूप से पूंजीपतियों एवं श्रमिकों के बीच टकराव बना हुआ है।




पूंजीपति, श्रमिकों को उत्पादन प्रक्रिया का केवल एक घटक मानते हुए उनके साथ कई बार अमानवीय व्यवहार करते पाए जाते हैं। जबकि, श्रमिकों को भी पूंजी का ही एक रूप मानते हुए, उनके साथ मानवीय व्यवहार होना चाहिए। क्योंकि, किसी भी संस्थान की सफलता में श्रमिकों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहता है। बिना श्रमिकों के सहयोग के कोई भी संस्थान सफलता पूर्वक आगे नहीं बढ़ सकता। इसीलिए संस्थानों में कार्य कर रहे श्रमिकों को "श्रम शक्ति" की संज्ञा दी गई है। हमारे देश में भी दुर्भाग्य से श्रमिकों के शोषण की कई घटनाएं सामने आती रही हैं। यथा, श्रमिकों को निर्धारित मजदूरी का भुगतान नहीं करना एवं उनसे निर्धारित समय सीमा से अधिक कार्य लेना आदि, प्रमुख रूप से शामिल हैं। भारत में श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं के निदान करने एवं उन्हें और अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य श्रम कानून से जुड़े तीन अहम विधेयक केंद्र सरकार ने संसद में पास कराए हैं। जिनमें सामाजिक सुरक्षा बिल 2020, आजीविका सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता बिल 2020 और औद्योगिक संबंध संहिता बिल 2020 शामिल हैं। इससे पहले तक देश में 44 श्रम कानून थे जो कि अब चार लेबर कोड में शामिल किए जा चुके हैं। श्रम कानूनों को लेबर कोड में शामिल करने का काम वर्ष 2014 में शुरू हो गया था। ऐसा कहा जा रहा है कि उक्त ऐतिहासिक श्रम कानून, कामगारों के साथ-साथ कारोबारियों के लिए भी मददगार साबित होंगे।

केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारें तो अपने स्तर पर श्रमिकों के हितार्थ विभिन्न कानून बनाने का कार्य करती रही हैं और आगे भी करती रहेंगी परंतु आज जब भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र कहा जा रहा है क्योंकि देश की दो तिहाई जनसंख्या की उम्र 35 वर्ष से कम है (देश की 36 प्रतिशत जनसंख्या की आयु 15 से 35 वर्ष के बीच है और देश में 37 करोड़ युवाओं की आयु 15 से 29 वर्ष के बीच है) तो इतने बड़े वर्ग को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु इन्हें केवल श्रमिक न बनाकर इनमें उद्यमिता का विकास कर इन्हें स्वावलंबी बनाए जाने की आज महती आवश्यकता है। हालांकि सरकारें विभिन्न स्तरों पर इस दिशा में अपना कार्य बखूबी कर रही हैं परंतु देश के प्रत्येक नागरिक को यदि स्वावलंबी बनाना है तो अन्य स्वयंसेवी, धार्मिक, सामाजिक, औद्योगिक एवं व्यापारिक संगठनों को आपस में मिलकर इस नेक कार्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करने चाहिए।

इसी क्रम में, भारत में बेरोजगारी की समस्या को हल करने के मुख्य उद्देश्य से अभी हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अन्य कई संगठनों को अपने साथ लेकर एक स्वावलंबी भारत अभियान की शुरुआत की है। संघ द्वारा सहकार भारती, लघु उद्योग भारती, ग्राहक पंचायत, भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भाजपा एवं स्वदेशी जागरण मंच जैसे संगठनों एवं कई अन्य सामाजिक, आर्थिक एवं स्वयंसेवी संगठनों को भी इस अभियान के साथ जोड़ा जा रहा है। स्वावलंबी भारत अभियान को चलाने हेतु एक कार्यक्रम की घोषणा भी की गई है। जिसके अंतर्गत उद्यमिता, रोजगार व अर्थ सृजन को एक जन आंदोलन बनाते हुए युवाओं को श्रम का महत्व समझाया जाएगा एवं उन्हें जॉब सीकर के बजाय जॉब प्रवाइडर बनाने के प्रयास वृहद स्तर पर किए जाएंगे। साथ ही, जॉब सीकर एवं जॉब प्रवाइडर के बीच समन्वय स्थापित करने के प्रयास भी किए जाएंगे। प्रत्येक जिले में वहां के प्रमुख विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय के सहयोग से एक रोजगार सृजन केंद्र की स्थापना की जाएगी जहां केंद्र एवं राज्य सरकारों की रोजगार सृजन सम्बंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी, उद्यमिता प्रशिक्षण एवं युवाओं में कौशल विकास करने के प्रयास किए जाएंगे। साथ ही उस केंद्र पर बैंक ऋण प्राप्त करने संबंधी मार्गदर्शन, स्वरोजगार के क्षेत्र में आने वाली सम्भावित कठिनाईयों का समाधान एवं सफल स्वरोजगारियों तथा उद्यमियों से संवाद आदि की व्यवस्था भी की जाएगी। युवाओं में कौशल विकसित करने हेतु सबंधित कम्पनियों को आगे आना चाहिए एवं इस सम्बंध में केवल सरकारी योजनाओं पर निर्भर रहने से यह कार्य सम्भव नहीं होगा। इन केंद्रों पर स्थानीय एवं स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के सम्बंध में नागरिकों में जागरूकता उत्पन्न करने सम्बंधी प्रयास भी किए जाएंगे। साथ ही, ग्रामीण स्तर पर ग्रामोद्योग व ग्रामशिल्प को बढ़ावा देने संबंधी प्रयास किए जाएंगे।

भारत को पूरे विश्व के आर्थिक क्षेत्र में यदि अपना दबदबा कायम करना है तो देश को उपलब्ध मानव पूंजी पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित करना होगा एवं बेरोजगार युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराना ही होगें ताकि देश में उपलब्ध मानव पूंजी का देश हित में उचित उपयोग किया जा सके। जब तक भारत पूर्ण रोजगार युक्त नहीं होता, तब तक वह पूर्ण स्वावलम्बन व वैश्विक मार्गदर्शक के रूप में अपने आप को स्थापित करने सम्बंधी लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकता।

# महिलाओं में अधिक वजन के पीछे होती हैं यह पांच मुख्य वजहें

मोटापा एक ऐसी समस्या है, जिसे आमतौर पर बेहद हल्के में लिया जाता है। लेकिन वास्तव में यह कई बीमारियों की जड़ है। यूं तो मोटापा किसी को भी अपनी जद में ले सकता है। लेकिन यह देखने में आता है कि महिलाएं मोटापे से अधिक परेशान रहती हैं। इतना ही नहीं, एक बार वजन बढ़ने के बाद उसे कम करना इनके लिए काफी कठिन हो जाता है। इतना ही नहीं, वह वजन कम करने के लिए तरह-तरह की डाइट या दवाईयों का भी सहारा लेती हैं। अगर आप भी अपने अधिक वजन के कारण परेशान रहती हैं, तो आपको पहले इसके कारणों के बारे में भी जान लेना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में आपको महिलाओं के अधिक वजन के कारण और उसे कम करने के उपाय-

### खाने की अनहेल्दी हैबिट्स

अधिकतर भारतीय घरों में महिलाएं अपनी ईटिंग हैबिट्स को लेकर बहुत अधिक सजग नहीं होती हैं। केवल अधिक मात्रा में भोजन करने से वजन नहीं बढ़ता, बल्कि खानपान की गलत आदतें भी मोटापे में योगदान देती है। अमूमन महिलाएं बचा हुआ खाना खत्म करने के चक्कर में कुछ भी खा लेती हैं। कभी-कभी वह खुद के लिए भी खाना बनाने में आलस



करती हैं, जिससे उनकी सेहत व वजन पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

### जेनेटिक्स

अध्ययनों से पता चला है कि किसी व्यक्ति को मोटापे की प्रवृत्ति विरासत में मिल सकती है। यदि आपके एक या दोनों माता-पिता मोटे हैं, तो आपके मोटे होने की संभावना 25 प्रतिशत बढ़ जाती है। जीन भी हमें प्रभावित करते हैं, ऐसे में अपने वजन को नियंत्रित करने के लिए आपको अतिरिक्त मेहनत करने की आवश्यकता हो सकती है।

### मेडिकल कंडीशन

चूंकि महिलाओं के शरीर में बहुत अधिक हार्मोनल उतार-चढ़ाव होते हैं, जिसके कारण उन्हें कुछ स्वास्थ्य समस्याएं घेर लेती हैं। मसलन, महिलाओं में हाइपोथायरायडिज्म व पीसीओएस की समस्या आम है। इसके कारण, महिलाओं का वजन तेजी से बढ़ता है और वह आसानी से कम नहीं हो पाता है।

### उम्र का पड़ता है असर

यूं तो एक व्यक्ति किसी भी उम्र में मोटा हो सकता है, लेकिन फिर भी वृद्ध लोगों को अधिक वजन और मोटापे से ग्रस्त होने का खतरा अधिक होता है। शरीर में हार्मोनल परिवर्तन और कम सक्रिय जीवनशैली से आपके मोटापे की संभावना बढ़ जाती है। उम्र के साथ शरीर में मांसपेशियों की मात्रा भी कम होती जाती है और मांसपेशियों के कम होने से मेटाबॉलिज्म में कमी आती है। इसलिए, हमारा वजन आसानी से बढ़ जाता है और वजन कम करना भी कठिन हो जाता है।

### प्रेग्नेंसी पीरियड

एक गर्भवती महिला को गर्भावस्था के दौरान दो खाने के लिए कहा जाता है। जबकि उसे दो के लिए खाने की जरूरत नहीं है, उसे हर दिन 300 अतिरिक्त कैलोरी लेने की जरूरत है। गर्भ में पल रहे बच्चे के साथ, एक गर्भवती महिला का वजन अनिवार्य रूप से बढ़ जाता है। यह देखा जाता है कि प्रसव के बाद कई महिलाओं का वजन इस कदर बढ़ जाता है कि उनके लिए उसे कम करना बेहद मुश्किल हो जाता है।

# चेन्नई की कमान फिरसे धोनी के पास

पुणे / यूटर्नः चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी में बड़ा बदलाव हुआ है और महेंद्र सिंह धोनी ने दोबारा टीम की कमान संभाल ली है। रवींद्र जडेजा ने कप्तानी मिलने पर पहले कहा था कि उन्हें कप्तानी सौंपने को लेकर महेंद्र सिंह धोनी ने लास्ट सीजन में बताया था और वह इसके लिए पहले से तैयार थे। हालांकि अब बीच सीजन कप्तानी छोड़कर सर जडेजा ने सबको चौंका दिया है। उनके इस निर्णय के बाद कई दिग्गज खिलाड़ियों के रिएक्शन सामने आ रहे हैं। क्रिकबज से एक खास शो में बात करते हुए मुल्तान के सुल्तान कहे जाने वाले वीरेंद्र सहवाग ने कहा- मैं यह बात पहले दिन से कह रहा था कि यदि धोनी कप्तान नहीं होंगे तो चेन्नई सुपर किंग्स का IPL में कुछ नहीं हो सकता। खैर, देर आए दुरुस्त आए। चेन्नई के पास अब भी मौका है। उनके पास काफी मैच बचे हुए हैं। वे चाहें तो वापसी कर सकते हैं। हमें एक बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।


### इरफान पठान ने महसूस किया जडेजा का दर्द

किसी जमाने में स्विंग के सुल्तान कहे जाने वाले इरफान पठान ने रवींद्र जडेजा के प्रति अपनी सहानुभूति जताई है। उन्होंने लिखा- मैं जडेजा का दर्द महसूस कर सकता हूं। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि इस तरीके से कप्तानी छोड़ने के कारण रवींद्र जडेजा का खेल प्रभावित नहीं होगा।

### वसीम ने हल्के-फुल्के अंदाज में दी प्रतिक्रिया

वसीम जाफर ने मजाकिया लहजे में ट्वीट करते हुए लिखा- धोनी को दोबारा कप्तानी करते देखने के लिए हम इस वक्त जिस फीलिंग से गुजर रहे हैं, उसे डेजा वू कह सकते हैं। हालांकि ये जडेजा वू है।

### धोनी जिस टीम में हैं, कप्तान वही होंगेः अजय जडेजा




शो मे वीरेंद्र सहवाग के साथ अजय जडेजा भी मौजूद थे। अजय के मुताबिक जिस वक्त रवींद्र जडेजा को कप्तान बनाया गया तो उनके पास कोई और ऑप्शन मौजूद नहीं था। आज जब उनसे कप्तानी छीन ली गई है तब भी उनके पास कोई और ऑप्शन नहीं था। यदि महेंद्र सिंह धोनी किसी टीम में हैं तो उन्हें कप्तान बनना ही होगा। अजय जडेजा ने यही बात 2019 वर्ल्ड कप के दौरान भी कही थी। उस दौरान धोनी टीम में थे, लेकिन कप्तानी नहीं कर रहे थे। 2019 वर्ल्ड कप में विराट कोहली ने टीम की कप्तानी की थी और टीम इंडिया सेमीफाइनल में बुरी तरह हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। अजय ने आगे कहा कि उनका मत है, इस निर्णय के बाद रवींद्र जडेजा भी कहीं न कहीं बेहद खुश होंगे। कप्तानी उनके कंधों पर हकीकत में एक बहुत बड़ा बोझ थी।

### निर्णय से चौंक गए पार्थिव पटेल

जडेजा के कप्तानी छोड़ने के बाद पार्थिव पटेल आश्चर्यचकित नजर आए। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा- मैंने इसकी दूर-दूर तक कल्पना नहीं की थी।

### टीम हित में धोनी ने स्वीकार की कप्तानीः CSK मैनेजमेंट

CSK की प्रेस रिलीज के मुताबिक रवींद्र जडेजा ने अपने खेल पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए कप्तानी छोड़ने का फैसला किया और धोनी से चेन्नई टीम का नेतृत्व करने का अनुरोध किया है। धोनी ने टीम के हित में ये अपील स्वीकार की है और खुद कप्तानी संभालने का फैसला लिया है। आज सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जब चेन्नई सुपर किंग्स मैदान में उतरेगी, तब धोनी ही टीम की कमान संभालेंगे। आईपीएल के पहले सीजन यानी 2008 से ही धोनी टीम की कमान संभाल रहे थे। धोनी ने 213 मैच में कप्तानी करते हुए टीम को 130 मैच में जीत दिलाई है। बीच में सुरेश रैना ने भी 6 मैचों में कप्तानी की, जिसमें से टीम ने सिर्फ 2 ही मैच जीते थे।

---

## जान्हवी ने 'उमराव जान' के गाने पर किया क्लासिकल डांस

**जान्हवी कपूर अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। वह आए दिन अपने फोटो और वीडियो पोस्ट करती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी दो साल पुरानी यादों को सबसे साथ साझा किया है। दरअसल, जान्हवी कपूर ने अपनी एक थ्रोबैक वीडियो शेयर की है। इस वीडियो में वह डांस करती नजर आ रही हैं। वहीं फैंस भी उनकी इस वीडियो को काफी पसंद कर रहे हैं।**



इस वीडियो को जान्हवी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया था। इसमें वह 1981 में आई फिल्म 'उमराव जान' के गाने 'इन आंखों की मस्ती के' पर डांस करती नजर आ रही हैं। जान्हवी ने अम्ब्रेला सूट पहना हुआ है, जिसपर ब्लू और पिंक कलर के फूल बने हुए हैं। इस वीडियो के साथ जान्हवी ने लिखा कि ये वीडियो दो साल पुराना है, जब मैंने पहली बार बैठकी भाव किया था। मुझे पता है कि मैं दो दिन लेट हूं, फिर भी आप सभी को इंटरनेशनल डांस डे की शुभकामनाएं। जान्हवी कपूर काफी समय से क्लासिकल डांस की ट्रेनिंग ले रही हैं और पहले भी कई बार अपने डांस वीडियो शेयर कर चुकी हैं। जान्हवी के इस डांस और उनकी अदाओं को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। फैंस ही नहीं मनीष मल्होत्रा और शनाया कपूर भी इस वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया दे चुके हैं। जान्हवी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'बवाल' में वरुण धवन के साथ नजर आने वाली हैं। इसके अलावा वह सिद्धार्थ सेन गुप्ता द्वारा निर्देशित 'गुड लक जेरी' और करण जौहर की फिल्म 'दोस्ताना 2' में नजर आएंगी। ये फिल्म 2008 में आई फिल्म 'दोस्ताना' का सीक्वल है।

## बोल्ड हुई कियारा

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी इन दनों अपनी आने वाली फिल्म 'भूल भुलैया 2' को लेकर काफी सुर्खियों में बनीं हुई हैं। इसमें उनके अपोजिट कार्तिक आर्यन नजर आने वाले हैं। हाल ही में कियारा आडवाणी GQ रेड कार्पेट पर पहुंची थीं। इस दौरान के फोटोशूट की तस्वीरें कियारा ने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। GQ रेड कार्पेट में कियारा की ड्रेस काफी चर्चा में रही है। इस दौरान कियारा ने ग्रीन कलर की ट्रांसपेरेंट पहनी है। कियारा कि ये ड्रेस में फ्रंट से काफी ज्यादा हाई स्लिट कट हैं जो उन्हें बोल्ड लुक दे रहा है। इस ड्रेस में कियारा बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं।



## जरीन खान ने बताया अपनी शादी का प्लान

बॉलीवुड अभिनेत्री जरीन खान दिनों सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस के सीजन 12 के कंटेस्टेंट शिवाशीष मिश्रा को डेट कर रही हैं। यह दोनों पिछले एक साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। जरीन खान और शिवाशीष मिश्रा को अक्सर साथ में देखा जाता है। वहीं ऐसी भी अफवाह है कि यह दोनों जल्द शादी कर सकते हैं। ऐसे में जरीन खान ने खुद शिवाशीष मिश्रा से शादी को लेकर प्रतिक्रिया दी है।



जरीन खान ने हाल ही में अंग्रेजी वेबसाइट स्पॉटब्वॉय से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने फिल्मों के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी ढेर सारी बातें कीं। जरीन खान ने कहा है कि अभी उनकी शादी का कोई कार्ड नहीं है क्योंकि वे दोनों अभी तक एक-दूसरे को जान रहे हैं। जरीन खान ने यह भी कहा कि वह एक खुश और सुरक्षित रिश्ते में हैं। साथ ही ब्वॉयफ्रेंड शिवाशीष मिश्रा की तारीफ भी की है। अभिनेत्री ने कहा, 'कार्ड पर कोई शादी नहीं है। खैर, शिव और मैं एक-दूसरे को जान रहे हैं। एक साल हो गया है और अब जब हम एक-दूसरे को जानते हैं, तो मैंने महसूस किया है कि शिव मेरे जैसे इंसान हैं और मुझे लगता है कि यही कारण है कि उनके साथ जाना आसान हो जाता है। मैं अभी शिवाशीष के साथ बहुत खुश हूं; मैं शादी जैसी किसी भी चीज में कूदना नहीं चाहती हूं। जरीन खान ने आगे कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मेरी सोचने की प्रक्रिया काफी अलग है। मैं साथ रहने में विश्वास करती हूं, बजाय शादी की मुहर लगाने के। शादी इस बात की गारंटी नहीं देती है कि आपकी जिंदगी में रहने वाला इंसान हमेशा के साथ रहेगा। उन सभी शादियों को देखते हुए जो मैं हाल ही में देख रही हूं। मैं कोई मजाक नहीं कर रही हूं, यह मेरी निजी राय है। बाकी देखते हैं यह कहां और कैसे होगा। अभी मैं और शिवाशीष बहुत खुशनुमा दौर में हैं।'

खुद बोलती तस्वीर



देश में गहराया बिजली संकट

## हफ्ते में 3 बार पीक पावर सप्लाई का रिकॉर्ड, पावर शॉर्टेज 10.77 GW पर पहुंची

नई दिल्ली। देश इस समय बिजली संकट से जूझ रहा है। पीक पावर शॉर्टेज इस हफ्ते काफी तेजी से बढ़ी है। सोमवार को 5.24 गीगावॉट (GW) के सिंगल डिजिट से गुरुवार को यह 10.77 GW के डबल डिजिट में पहुंच गई। इस कमी की वजह पावर जनरेशन प्लांट में कोयले की कमी, हीटवेव और कुछ अन्य चीजें है। नेशनल ग्रिड ऑपरेटर, पावर सिस्टम ऑपरेशन कॉर्पोरेशन (POSOCO) के नए डेटा से पता चलता कि रविवार को पीक पावर शॉर्टेज 2.64 GW थी, जो सोमवार को बढ़कर 5.24 GW, मंगलवार को 8.22 GW, बुधवार को 10.29 GW और गुरुवार को 10.77 GW हो गई। शुक्रवार को यह 8.12GW रही। दिलचस्प बात यह है कि देश भर में तेज गर्मी के बीच इस हफ्ते में पीक पावर सप्लाई तीन बार रिकॉर्ड लेवल तक पहुंची। पीक पावर सप्लाई ने मंगलवार को रिकॉर्ड 201.65GW के लेवल को छुआ। इसके बाद गुरुवार को 204.65 GW का नया रिकॉर्ड बनाया और शुक्रवार को 207.11GW के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई। बुधवार को यह 200.65GW थी और सोमवार को 199.34 GW। पिछले साल 7 जुलाई को पीक पावर सप्लाई 200.53 GW रही थी। एक्सपर्ट्स ने कहा कि डेटा साफ तौर पर दिखाता है कि डिमांड में तेजी आई है और बिजली की कमी ने संकट को और गहरा कर दिया है। उनका कहना है कि केंद्र और राज्य सरकारों के नेतृत्व में सभी स्टेकहोल्डर्स को थर्मल प्लांटों में कम कोयले के स्टॉक, प्रोजेक्ट पर रेक की समय पर अनलोडिंग, रेक की उपलब्धता जैसे इश्यू से मजबूती से निपटने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में अभी यह हाल है तो आने वाले दिनों में क्या होगा।



### नॉन-पिटहेड थर्मल प्लांट में कोयले की कमी

नए डेटा से ये भी पता चलता है कि 164 GW से ज्यादा की टोटल कैपेसिटी वाले 147 नॉन-पिटहेड थर्मल प्लांट में कोयले का स्टॉक 28 अप्रैल 2022 को मानक स्तर का 24% था। इन प्लांट्स में गुरुवार को कोयले का स्टॉक 57,236 हजार टन के मानक के मुकाबले 13,755 हजार टन था। नॉन पिटहेड प्लांट कोयला खदानों से सैकड़ों किलोमीटर दूर स्थित हैं और ड्राय फ्यूल स्टॉक को बनाए रखना आवश्यक है।

## बार के बाउंसरों ने युवक को पीट-पीटकर मार डाला, सीसीटीवा से सारी सच्चाई आई सामने

नोएडा / यूटर्नः दिल्ली से सटे नोएडा के गार्डन गैलरिया मॉल के एक पब में एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। इस मामले में अब CCTV फुटेज सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि बार के बाउंसर्स और स्टाफ बृजेश के साथ मारपीट कर रहे हैं। इस मारपीट के बाद ही बृजेश की जान गई थी। इस मामले में पुलिस ने 9 में से 8 आरोपियों को पकड़ लिया है।



वीडियो में दिख रहा है कि बृजेश और उसके दोस्त बार के बाहर आते हैं। वहां स्टाफ और मॉल के बाउंसर्स से उनकी कहासुनी हो जाती है। इसी बीच बृजेश मोबाइल से तस्वीरें लेने की कोशिश करता है और उसी दौरान बाउंसर उसे मारने लगते हैं। फिर बृजेश नीचे गिर जाता है, लेकिन उसके साथ मारपीट बंद नहीं होती। 30 साल के बृजेश राय अपने साथियों के साथ 25 अप्रैल को गौतमबुद्ध नगर के सेक्टर 39 के गार्डन गैलरिया मॉल में स्थित लॉस्ट लेमंस नाम के बार में नाइट पार्टी करने गए थे। इस दौरान उनका बिल को लेकर बार कर्मचारियों से झगड़ा हो गया। इसके बाद बृजेश को जमकर पीटा गया। अधिकारियों की मानें तो गंभीर हालत में बृजेश को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

पुलिस अब तक इस मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें रोहित तंवर, कुमेर सिंह बंगारी, हिमांशु कुमार, देवेन्द्र सिंह, मैडी ठाकुर, गुड्डु सिंह, कपिल उर्फ नाहर सिंह, सुन्दर सिंह रावत (मैनेजर) शामिल है। रोहित को शनिवार को पकड़ा गया है। पुलिस का कहना है कि रोहित ने ही बृजेश के पेट और सिर में लातों से जानलेवा हमला किया था। जिस कारण बृजेश की मौत हुई थी।

## दिल्ली में दो नाबालिग सगी बहनों से दुष्कर्म, 14 साल और छह महीने की दोनो बच्चियां

नई दिल्ली/ यूटर्नः उत्तर पश्चिमी दिल्ली के समयपुर बादली इलाके में दो बहनों के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इनमें से एक बच्ची की उम्र महज छह महीने और दूसरी की उम्र 14 साल है, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ है। पुलिस का कहना है कि मुठभेड़ के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दूसरा आरोपी अभी फरार है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान 40 साल के कमल मल्होत्रा उर्फ चिनू के रूप में हुई है। वह जहांगीरपुरी का रहने वाला है। उसके पास से एक देशी पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस और एक खाली कारतूस बरामद किया गया है। वहीं, दूसरे आरोपी का नाम राज उर्फ राजू है, जिसे पकड़ा नहीं जा सका है। बच्ची के माता-पिता ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उनकी दो बेटियां हैं - बड़ी बेटी 14 साल की है, जो मानसिक तौर पर स्वस्थ नहीं है और ठीक से बोल भी नहीं पाती है। वहीं, दूसरी बेटी 6 महीने की है। शुक्रवार शाम वह काम के बाद घर लौटे, तो उन्हें घर में बच्चियां नहीं मिलीं। तभी पत्नी ने पड़ोस में उनके रोने की आवाज सुनी और वह वहां पहुंची। वहां उसने चिनू और राजू को बच्चियों के साथ दुष्कर्म करते देखा। महिला को देखते ही दोनों आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि शनिवार को चीनू के समयपुर बादली मेट्रो स्टेशन के पास एक पार्क में होने की सूचना मिली थी। वहां पहुंचकर उसे सरेंडर करने के लिए कहा गया, लेकिन वह नहीं माना और फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी गोलीबारी में उसके पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया।

## मेडिकल छात्रों ने ली महर्षि चरक शपथ, सरकार ने डीन को हटाया

मदुरै / यूटर्नः राजकीय मदुरै मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रों ने दीक्षा सत्रारंभ समारोह यानी प्रोग्राम इंडक्शन ओरिएंटेशन सेरेमनी के दौरान हिप्पोक्रेटिक शपथ के बजाय 'महर्षि चरक शपथ' ली। यह पहली बार है जब देश में मेडिकल छात्रों ने हिप्पोक्रेटिक ओथ की जगह महर्षि चरक शपथ ली हो। लेकिन इस बदलाव पर बवाल हो गया है। इसकी जानकारी मिलने के बाद तमिलनाडु सरकार ने अप्रत्यक्ष तौर पर नाराजगी जाहिर की है। राज्य सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कॉलेज के डीन को पद से हटा दिया है। तमिलनाडु सरकार ने महर्षि चरक शपथ दिलाने के मामले के बाद सरकारी मेडिकल कॉलेज, मदुरै के डीन को स्थानांतरित करते हुए प्रतीक्षा सूची में रखा है। हालांकि, कार्यक्रम में राज्य सरकार के वित्त मंत्री पीटीआर पलानीवेल थियागा राजन और राजस्व मंत्री पी मूर्ति भी मौजूद थे। मदुरै मेडिकल कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्रों का शपथ समारोह में हिप्पोक्रेटिक शपथ के बजाय संशोधित 'महर्षि चरक शपथ' दिलाने पर तमिलनाडु सरकार ने डीन डॉ रथिनवेल को पद से हटा दिया है और विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। डॉ रथिनवेल ने दावा किया कि शपथ तैयार करने वाले छात्र संघ के सचिव ने गलती से हिप्पोक्रेटिक शपथ के बजाय महर्षि चरक शरथ को डाउनलोड कर लिया था। इसलिए गफलत हुई। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते हुए तमिलनाडु के वित्त मंत्री राजन ने कहा कि जब छात्रों ने चरक शपथ पढ़ना शुरू किया तो मैं चौंक गया। जब मैंने नई शपथ सुनी तो मैं काफी हैरान था, मैंने हमेशा सोचा था कि डॉक्टर हिप्पोक्रेटिक शपथ लेते हैं।

## राष्ट्रपति की हत्या करने प्रेसिडेंट ऑफिस पहुंच गए थे रूसी सैनिक

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के एक सहयोगी ने दावा किया है कि जंग की शुरुआत में ही रूसी सैनिक राष्ट्रपति और उनके परिवार को पकड़ने उनके घर तक पहुंच गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, 24 फरवरी को जंग शुरू होते ही रूस ने जेलेंस्की और उनके परिवार को पकड़ने और मारने की कोशिश की थी, हालांकि वे नाकाम रहे। टाइम मैगजीन ने इनसाइड जेलेंस्की वर्ल्ड नाम से एक इंटरव्यू पब्लिश किया है। इसमें जेलेंस्की के चीफ ऑफ स्टाफ एंड्री यरमक ने दावा किया कि रूसी सैनिक राष्ट्रपति और उनके परिवार को पकड़ने आए थे। उन्होंने कहा- रूस के सैनिक कीव में दाखिल हुए, वे हर हालत में जेलेंस्की और उनके परिवार को पकड़ना चाहते थे।

## आगरा रेलवे ने मंदिर को हाथ भी लगाया तो होंगे गंभीर परिणामः हिंदूवादी संगठन

आगरा / यूटर्नः आगरा के राजा की मंडी रेलवे स्टेशन पर रविवार को राष्ट्रीय हिंदू परिषद (भारत) के अध्यक्ष गोविंद पाराशर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। स्टेशन पर पोस्टर-बैनर लेकर पहुंचे हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने रेलवे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गोविंद पाराशर ने कहा कि रेलवे ने चामुंडा देवी मंदिर को हटाने का नोटिस देकर हिंदुओं की भावनाओं को आहत किया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर रेलवे प्रशासन ने मंदिर को हाथ लगाने की कोशिश भी की तो गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर की तरह यहां भी आंदोलन करेंगे। राजा की मंडी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर मंदिर के 72 वर्ग मीटर के हिस्से को यात्रियों की सुरक्षा और प्लेटफॉर्म के



विस्तार में बाधक बताते हुए रेलवे ने मंदिर प्रबंधन को 20 अप्रैल को नोटिस भेजा था। नोटिस के बाद से ही विरोध शुरू हो गया था। 26 अप्रैल को डीआरएम ने मंदिर हटाने को लेकर ट्विटर एकाउंट पर ट्वीट करने के बाद विरोध और तेज हो गया। मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचने के बाद बीच का रास्ता निकालने की कवायद शुरू हो गई। दोनों पक्षों में आपसी सहमति के प्रयास किए जा रहे हैं। सहमति नहीं बनने तक रेलवे प्रशासन अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करेगा।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma